हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 13 जुलाई 2024

06 वर्तमान की स्वस्थ किशोर अवस्था भविष्य का स्वास्थ्य ...



08 कांग्रेस में अपनी नीति-नेतृत्व और सनातन ...





### स्कूलों में विलंब से पहुंचने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई जारी

## राशिसं की महिला मोर्चा अध्यक्ष सहित अन्य शिक्षकों के वेतन काटने के निर्देश

**नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र और समाज निर्माण में अहम भूमिका निभाने के लिए सरकार द्वारा योजना तैयार की गई। उस योजना के अनुरूप शासकीय विद्यालयों में शिक्षा के प्रति लापरवाही न हो इसके लिए लगातार स्कूलों की मॉनिटरिंग जारी है।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शिक्षकों की शाला में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए संभागीय उपायुक्त जनजाति कार्य जेपी यादव द्वारा सतत रूप से विद्यालय का भ्रमण कर औचक निरीक्षण किया जा रहा है तथा लापरवाहों पर कार्यवाही की जा रही है। शुक्रवार को संभागीय उपायुक्त ने केसला विकासखंड के अमझिरा, चाटुआ, जालीखेड़ा, धसाई का औचक निरिक्षण किया। यादव प्रातः 10.30 बजे अमझिरा पहुंचे, जहाँ चारों नियमित शिक्षक अनुपस्थित मिले। गाँव के ही अजय कासदे और कामना नाम की अतिथि उपस्थित पाई गई, हालांकि इनका अतिथि शिक्षक का कोई आदेश नही है। शिक्षक विकेश मालवीय, राहुल शर्मा, घनश्याम चौकने अनुपस्थित पाए गए। श्रीमती अनीता कुंडू एक जुलाई से मेडिकल अवकाश पर पाई गई। विकास खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि कुंडू का जिला मेडिकल बोर्ड से परीक्षण कराया जाए। इस विद्यालय में दर्ज 19 बच्चों में से केवल 10 बच्चे उपस्थित मिले। प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में ताला लगा पाया गया।

पालक समिति के अध्यक्ष ने चर्चा में बताया कि शिक्षक नियमित रूप से समय पर नहीं आते, और आते भी यह तो जल्दी चले जाते है। विद्यालय प्रांगण में बच्चे नहीं पाए। पालक समिति अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि शिक्षक के आने पर ही बच्चे स्कूल पहुंचते हैं। प्राथमिक शाला जालीखेड़ा मे शिक्षक संघ की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा मौर्य और श्रीमती भगवती चौहान विलम्ब से 11.35 बजे विद्यालय पहुंचीं। परक्षण करने पर कक्षा 3 के विद्यार्थियों को किताब पड़ना नहीं आया। प्राथमिक और माध्यमिक शाला धसाई में श्रीमती हेमलता शिक्षक 11 से 13 जुलाई तक अवकाश पर होना पाई गई। गांव में किसी लड़की की मृत्यु होने के कारण केवल 8 बच्चे विद्यालय पहुंचे। विलम्ब से उपस्थित होने तथा अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों को संभागीय उपायुक्त जे पी यादव ने वेतन काटे जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर तीन दिवस में जवाब चाहा है। स्कूलों के निरीक्षण उपरांत विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय केसला में क्षेत्र के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्त्रोत समन्वयक, खंड शैक्षणिक समन्वयक तथा जनशिक्षकों की बैठक ली। संभागीय उपायुक्त ने कहा की शिक्षकों के समय पर उपस्थित न होने में आपकी कार्यप्रणाली का भी दोष है। आप नियमित नियमित निरिक्षण करते और कार्यवाही करते तो शिक्षकों की हिम्मत नही होती की वे विलम्ब से उपस्थित हों या अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहते। प्राथमिक शिक्षा पूरे जीवन की बुनियाद है, लेकिन लापरवाही के कारण बच्चों की नीव कमजोर हो रही है। सरकारी स्कूल के शिक्षकों को हज़ारों का वेतन मिलता है, लेकिन काम की गुणवत्ता आत्मसम्मान के विरुद्ध होकर अपराध है। आप लोग स्कूलों का आकस्मिक भ्रमण 10:30 बजे के पूर्व उपस्थित होकर करें तथा 3:00 बजे बाद भी करें ताकी शिक्षक जल्दी स्कूल न छोड़ सकें। पढ़ाई की गुणवत्ता का भी परीक्षण करें। अनुपस्थित और विलम्ब से उपस्थित होने वाले शिक्षकों के विरुद्ध सक्षम अधिकारी को कार्यवाही के प्रस्ताव तत्काल प्रेषित करना करना होंगे। व्यवस्था में सुधार ज़रूरी है। उपायुक्त ने कहा कि शिक्षक की गरिमा तब है जब वो अपने कर्तव्य पालन को ठीक से करे। निरीक्षण और कार्यवाही का साप्ताहिक प्रतिवेदन मेरे कार्यालय को नियमित रूप से भेजें। बैठक में विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती आशा मौर्य, वी.आर.सी. श्री के. के. शर्मा तथा विकास खंड केसला के जनशिक्षक उपस्थित थे।

### दो दिन पहले भी हुई कार्रवाई

गत दो दिनों पूर्व शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक एवं उपसंचालक द्वारा भी सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया गया था। इस दौरान स्कूलों में ताला लगने और 7 शिक्षकों को देरी से उपस्थित होने पर कारण बताओ नोटिस के साथ साथ उनके वेतन वृद्धि रोकने के भी निर्देश दिए गए थे। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि किसी भी स्कूलों में शिक्षण कार्य के प्रति लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं उन्होंने विभाग के जवाबदार अधिकारियों को भी स्कूलों की मॉनिटरिंग करने निर्देश दिए हैं।

## मूंग खरीदी केंद्रों का एसडीएम व एसडीओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर



शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी, खरीदी केंद्रों में बीते 1 जुलाई से प्रारंभ हो गई है। समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी को लेकर किसानों और सरकार के बीच असमानता को बीते दिवस की सुधार कर किसानो को संतुष्ट किया गया है। खरीदी केंद्रो को निर्देशानुसार किसानों से मूंग खरीदी करनी होती है लेकिन सोहागपुर ब्लॉक की मूंग खरीदी विवादों में हर वर्ष घिरती है जिसे देखकर प्रशासन वर्तमान सत्र में काफी सतर्क है। शोभापुर क्षेत्र में 6 केंद्रो में खरीदी विभिन्न समितियां कर रही है। जिनमे से 2 केंद्र तो प्रशासन ने हाल में ही तय किए है। जिसमे शोभापुर का विजय लक्ष्मी वेयर हाउस और गजनई वेयर हाउस शामिल है। शुरुवाती दौर में निर्धारित खरीदी केंद्रो में शकुंतला वेयर हाउस में खिड़ियां सोसायटी द्वारा खरीदी करना तय हुआ है जिसमे एसडीओ आरएस राजपूत को शिकायत मिली कि उक्त वेयर हाउस में खरीदी बंद पड़ी हुई जिसका निरीक्षण करने स्वयं एसडीएम बृजेंद्र रावत , एसडीओ आर एस राजपूत मौके पर पहुंचे और मूंग की तुलाई शुरू करवाई। गौरतलब हो कि बीते वर्ष भी खिड़िया सोसायटी द्वारा गणेश वेयर हाउस में खरीदी की गई थी। उस दौरान भी उक्त वेयर हाउस में मूंग की तुलाई किसानों की नाराजगी के कारण करीब 3 दिनो तक बंद हुई थी। असल में तुलाई प्रभावित करना सोची समझी रणनीति का हिस्सा होता है जिससे कि समिति प्रबंधक की किसानो को सुननी पड़े।

शुक्रवार को निरीक्षण दल गणेश वेयर हाउस पहुंचा जहां उन्हें व्यवस्थाएं और खरीदी सब व्यवस्थित दिखी और वो उससे संतुष्ट भी नजर आए। रामानुज वेयर हाउस में अमानक स्तर की मूंग तुलाइ खरीदी केंद्र पर मिली जिसे हिदायद देकर निरीक्षण दल ने मानक स्तर की मूंग खरीदी करने को कहा।

### गणेश वेयर हाउस में सब कुछ अच्छा मिला

किसानों की शिकायत पर खरीदी केंद्रो पर पहुंचे एसडीएम बृजेंद्र रावत एवं एसडीओ कृषि विभाग आरएस राजपूत द्वारा बताया गया कि गणेश वेयर हाउस में सब कुछ अच्छा चल रहा है। रामानुज वेयर हाउस में अमानक स्तर की मूंग खरीदी केंद्र पर मिली तो वहीं शकुंतला वेयर हाउस में तुलाई बंद मिली जिसे शुरू करवाया गया।

### अब तक हुई 191.2 मिलीमीटर वर्षा

**नर्मदापुरम।** जिले में 1 जून से अभी तक जिले में 191.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 216.0 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। 12 जुलाई 2024 को प्रातः 8 बजे तक केवल तहसील डोलरिया में 12.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। तहसील नर्मदापुरम में, सिवनीमालवा, इटारसी, माखननगर, सोहागपुर, पिपरिया, बनखेड़ी एवं पचमढ़ी वर्षा नही हुई।

### बकाया करो की राशि जमा करने पर अधिभार में छूट का लाभ प्राप्त करें : सीएमओ

**नर्मदापुरम।** नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम में नेशनल लोक अदालत आयोजित होगी। समस्त बड़े एवं छोटे बकायादारों को सूचित किया जाता है कि, आप नगर पालिका के बकाया करों का भुगतान कर अधिभार में छूट का लाभ उठा सकते हैं। जिन बड़े बकायादारों द्वारा बकाया करों का भुगतान नहीं किया जाएगा उनका नाम सार्वजनिक किया जाएगा। मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा आग्रह किया गया है कि असुविधा से बचने एवं अधिभार में छूट का लाभ उठाने हेतु दिनांक 13-7-2024 दिन शनिवार को कार्यालय नगर पालिका परिषद के काउंटर पर उपस्थित होकर अपने बकायाकरों का भुगतान करते हुए रसीद प्राप्त करें। अधिभार में छूट का लाभ प्राप्त करें तथा अपने नाम सार्वजनिक होने की असुविधा से बचें।

## सड़क की खुदाई में टूटे अनेक नल कनेक्शन ग्रामीणों को हो रही है पेयजल की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद



पीपल चौक से रेलवे स्टेशन गुरमखेड़ी को जोड़ने वाली सड़क निर्माण की खुदाई में कार्य प्रारंभ से ही ग्राम वासियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जब जब सड़क निर्माण के लिए खुदाई का कार्य प्रारंभ होता है ग्राम वासियों के नल कनेक्शन टूटते हैं जिससे भीषण गर्मी में भी ग्राम वासियों को पेयजल का संकट का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं दूसरी ओर जल जीवन मिशन के ठेकेदार की करगुजारियां भी ग्राम वासियों को परेशान कर रही हैं इनके द्वारा पाइपलाइन एवं नल कनेक्शन के कार्य में सेमरी हरचंद एवं ग्राम जमुनिया में अनेक स्थानों पर नल कनेक्शन के नाम पर तीन गुना चार के अनेक गड्ढे खोदे गए आज तक उनका रिनोवेशन का कार्य पूर्ण नहीं होने से खोदे गए गड्ढे जैसे के तैसे हैं और उन गड्ढों में वाहन चालक और ग्रामवासी गिरकर चोटिल हो रहे हैं इनके द्वारा पाइपलाइन बिछाने एवं नल कनेक्शन का कार्य 3 वर्षों में भी पूर्ण नहीं हो सका है इस संबंध में अधिकारियों से बात करते हैं तो वह कहते हैं जल्द ही कार्य पूर्ण होगा परंतु इनकी काम करने की गति को देखकर ऐसा नहीं लगता की ग्राम वासियों के घर नल से जल जल्द ही पहुंच सकेगा। सड़क निर्माण और जल जीवन मिशन दोनों विकास कार्यों को लेकर ग्रामवासी उत्साहित हैं एवं प्रशासनिक अधिकारियों से अपेक्षा रखते हैं इन दोनों महत्वपूर्ण कार्यों पर अपनी नजर रखकर व्यवस्थित एवं शीघ्र संपन्न कराऐं। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी डी आर सुनहरे सोहागपुर ने बताा कि सड़क की खुदाई में जो नल कनेक्शन टूट रहे हैं संबंधित ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा नल कनेक्शन पुणे जोड़ने का कार्य करवाया जा रहा है और जहां-जहां कमियां हैं उन्हें जल्द ही पूर्ण करवा कर योजना को ग्राम वासियों को सौंप दी जावेगी।

## सहायक आयुक्त की कार्यशैली से नाराज अधिवक्ता संघ ने सौंपा ज्ञापन

### पदाधिकारियों ने मंत्री को ज्ञापन सौंपकर संबंधित अधिकारी के स्थानांतरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम एवं हरदा टैक्स बार एसोसिएशन के सदस्यों को इटारसी वृत कार्यालय में वेट कर निर्धारण एवं जीएसटी सहित अन्य कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सहायक आयुक्त के पद पर पदस्थ स्वेता साठे की कार्यशैली से नाराज अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा को ज्ञापन सौंपकर उनके स्थानांतरण की मांग की है। पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से शासन को अवगत कराया कि स्वेता पराठे सहायक आयुक्त इटारसी वृत्त कार्यालय ही इंचार्ज भी हैं और इस कारण टैक्स बार एसोसिएशन के सदस्यों को निरन्तर उनसे शासकीय कार्यसम्पर्क करना पड़ता है। सदस्यों का यह अनुभव रहा है कि उनसे मिलने के लिये जब भी पर्ची उनके पास भिजवायी जाती है तो कभी भी उनके द्वारा आधा घंटे से पहले नही बुलाया जाता और कई बार यह स्थिति भी निर्मित होती है कि समय का अन्तराल आधा घंटे से एक घंटे तक का हो जाता है जिससे कर सत्यहकार और व्यवसायी का अनावश्यक ही उमय खराब होता है।

उन्होंने बताया कि उनके द्वारा जीएसटी में नए पंजीयनों को जारी करने में अनावश्क विलम्ब किया जाता है साथ ही पंजीयन प्रमाण पत्रों में संशोधन हेतु प्रस्तुत आवेदनों में भी अनावश्यक विलम्ब किया जाता है जिराचे व्यवसायियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

वेट अधिनियम में प्रस्तुत धारा 34 के अन्तर्गत प्रस्तुत आवेदनों को भी अनावश्क, आधार पर निरस्त्त किया जाता है साथ ही कानून में दी गई समय सीमा की भी अनदेखी न आदेश पारित किये जाते हैं। वेट अधिनियम के तहत कर निर्धारण आदेश की सत्यप्रतिलिपि की मांग करने पर उसे प्रदान काल में भी अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है एवं उक्त आवेदनों पर लम्बे समय तक कोई कार्यवाही नहीं की जाती है जबकि वहीं दूसरी ओर उस व्यवसायी का बैंक खाता भी विभाग द्वारा अटैच कर लिया जाता है जिससे उसका व्यवसाय प्रभावित होता है। वेट अधिनियम को सतत हो रहे पेट्रोल पंप के कर निर्धारण में भी अनावश्यक गुड्ने चडाए जाते है जैसे डीलर कमीशन, केडिट नोट एवं आगत कर रिवेट जैसे मुद्दों पर भी अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है। पेट्रोल पंप के कर निर्धारण में पेट्रोल एवं डीजल का कय शासकीय कंपनियां जैसे इण्डियन भारत पेट्रोलियम इत्यादि से किया जाता और समस्त क्रय के अंदर से ही होता है किन्तु फिर भी सहायक आयुक्त द्वारा व्यवसायी को अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है। यह कि मण्ड० शासन द्वारा पेट्रोल पंप के डीलरों हेतु डीम्ड का निर्धारण योजना वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 हेतु कुछ माह पूर्व लाई गई थी जिससे उक्त डीलरों का जाप निर्धारण सरल एवं सुगम तरीके से हो सके किन्तु उक्त अधिकारीा द्वारा बीलरों के आवेदन अनुचित तरीके से बिना कोई सुनवाई का मौका दिये निरस्त कर दिये गये एवं शासन की योजना को पूर्णतः असफल किया गया। प्रायः यह देखने में आया है कि उक्त अधिकारी द्वारा पूर्ण रूप से कर निर्धारण आदेश पारित किये जाते है जिसमे विधि एवं न्याय सिद्वान्त का पूर्णत उलंघन किया जाता है जिससे कि समस्त व्यवसायी एवं कार सलाहकारों एवं सदस्यों को अपना पड़ता है और अपील स्तर पर वक्त अधिकारी द्वारा पारित आदेश हो जाते है किन्तु उक्त अवधि के बाद व्यवसायी को अतिरिक्त आर्थिक एवं मानसिक पीड़ा पंहुचाई जाती है। इस मौके पर कर अधिवक्ता संघ के प्रणय दिसावल, पुष्पेश पालीवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खेल मंत्री सारंग ने चारु को दी शुभकामनाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

समेरिटंस स्कूल की छात्रा चारु चिचाम से शुक्रवार को प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग ने अपने भोपाल स्थित निवास पर मिलकर शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारी होनहार बेटी चारु ने अपनी प्रतिभा के बल पर न केवल प्रदेश का बल्कि देश का नाम भी रोशन किया है। ज्ञात हो कि चारु ने हाल ही में रूस में आयोजित 8वी चिल्ड्रन एशियन गेम कुराश में कांस्य पदक जीता है। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने वाली वह प्रदेश की एकमात्र खिलाड़ी थी। ज्ञात रहे कि चारु इसके पहले कई राष्ट्रीय मेडल जीत चुकी है। चारु के साथ उसकी कोच वैशाली तिवारी भी मौजूद थी। चारु की उपलब्धि पर समेरिटंस ग्रुप के डा आशुतोष शर्मा और प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### समेरिटंस स्कूल में हुई नशामुक्ति पर कार्यशाला

## नशे से दूर रहें विद्यार्थी और युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



चक्कर रोड मालाखेड़ी स्थित सांदीपनी परिसर समेरिटंस स्कूल में शुक्रवार को प्राकृतिक चिकित्सा एवं नशा मुक्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया। कारशाला में संत हिरदाराम नगर भोपाल आरोग्य केंद्र के डा रमेश तेवानी ने बच्चों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। साथ ही उन्हें बिना दवाई के स्वस्थ रहने के नुस्खे भी बताए।

उन्होंने बच्चों को मांसाहार से भी दूर रहने की बात कही।उन्होंने बताया कि हमारा शरीर भी एक प्रकार की मशीन है। इस मशीन को ठीक रखने केलिए हमें प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि शरीर में होने वाली 99 प्रतिशत बीमारियां पेट की खराबी के कारण होती हैं। अतः हमें पेट को हमेशा साफ रखना चाहिए। इसके लिए उन्होंने प्राकृतिक उपाय भी बताए। उन्होंने कहा कि पेट को साफ रखकर हम जीवन को सुखी और निरोगी बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में पूरी नींद भी जरूरी है और यह पेट साफ होने पर ही आती है। यह बहुत ही आसान है। कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी तुलसी और ब्रह्मकुमारी सुनीता बहन भी उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों को शाकाहार अपनाने, नशे से दूर रहने और डा तेवारी द्वारा बताए गए नुस्खों को अपनाने की बात कही।

कार्यक्रम के अंत में बच्चों को शाकाहार अपनाने, नशे ऐसे दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में समेरिटंस समूह के डा आशुतोष शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद शर्मा ने किया जबकि आभार राजेंद्र रघुवंशी ने व्यक्त किया।

## मालिनी क्षेत्र में 21 दिन पहले छोड़ी गई बाघिन की मौत



**होशंगाबाद/सोहागपुर।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के मालिनी क्षेत्र में 21 दिन पहले छोड़ी गई दो साल की बाघिन की मौत का मामला सामने आया है। गुरुवार दोपहर को संबंधित रेंज से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन को बाघिन की मौत की जानकारी दी गई। जब बाघिन की मौत की जानकारी सूत्रों के माध्यम से जंगल से बाहर निकली तब प्रबंधन ने बाघिन की मौत होने की पुष्टि की। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन के अधिकारियों का कहना है कि बाघिन का शव मिला था। शुक्रवार को पोस्टमार्टम कर उसका अंतिम संस्कार किया है। फिलहाल जानकारी नहीं दी की मौत कैसे हुई। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बोरी रेंज में बाघिन को कॉलर आईडी लगाकर छोड़ा था। पिछले कुछ दिनों से बाघिन जंगल में बने बाड़े के आसपास ही घूम रही थी, लेकिन पिछले तीन दिनों से बाघिन दिखाई नहीं दी। इस बीच मॉनिटरिंग करने वाले अधिकारियों ने भी बाघिन की खोज खबर नहीं ली। इसी बीच बाघिन की मौत हो गई। बाघिन का शव बाड़े के पास मिला।

## खबर संक्षेप

### टैक्स जमा नहीं करने पर होंगे नाम सार्वजनिक

**आमला।** नगरपालिका वित्तीय स्थिति से जूझ रही है। अब इस स्थिति से कुछ हद तक निजात पाने के लिए वर्षों से टैक्स जमा नहीं करने वालो के नाम समाचार पत्र व होर्डिंग में प्रकाशित होंगे। नपा सीएमओ ने बताया कि जो लोग पुराने बड़े बकायदार जिन्होंने वर्षो से टैक्स जमा नहीं किया है। उन लोगो के नाम प्रकशित किए जाएंगे। गौरतलब है कि पूर्व में भी नाम प्रकाशित करने के संबंध में तत्कालीन सीएमओ कह चुके थे । फिर भी बड़े बकायदारों ने उसे गंभीरता नहीं लिया। शहर के नामचीन लोगों के नाम बकायदारों की लिस्ट में शामिल होने की जानकारी सामने आ रही हैं । जिनके पास धन की कमी नही वे भी टैक्स भरने में कोई रुचि नहीं लेते हैं। सीएमओ वीरेंद्र तिवारी के बयान के बाद बकायदारों पर इसका कितना असर पड़ेगा यह तो कुछ दिनों में सामने आ जाएगा।

### गुरु पूर्णिमा पर श्रीमद् भागवत कल से

**शाहपुर।** पतोवापुरा के प्राचीन खेड़ापति मंदिर में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर पंडित श्रीराम मुद्गल शास्त्री वृंदावन वाले के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हो रही है। कथा के प्रारंभ दिवस 14 जुलाई को भव्य कलश यात्रा खेड़ापति दरबार से प्रारंभ होकर मां माचना नदी के पावन तट तक पवित्र जल स्थापित करने के लिए निकाली जाएगी। 21 जुलाई को कथा विश्राम होगी। भागवत कथा सावन मास के स्वाति नक्षत्र में प्रारंभ होती है। पंडित मुद्गल शास्त्री के द्वारा स्वाति नक्षत्र के महत्व को बहुत ही महत्वपूर्ण बताया गया है। सावन मास में भागवत कथा को श्रवण करने से भगवान का पूजन अर्चन करने से विशेष पुण्य लाभ की प्राप्ति होती है। कथा का समय 3 से शाम 6 बजे तक रखा गया है।

### ऑपरेटर परीक्षा के लिए आवेदन आमंत्रित

**बैतूल।** जिले में आधार केन्द्रों के सुचारू संचालन हेतु आधार ऑपरेटर के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। साल भर चलने वाली प्रक्रिया में प्रथम आओ, प्रथम पाओ की तर्ज पर मप्र स्टेट इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के अंतर्गत आवेदक आधार ऑपरेटर परीक्षा के लिए आवेदन जमा कर सकते है। कलेक्टर कार्यालय के ई गवर्नेंस शाखा के कक्ष क्रमांक एस-3 से यह आवेदन प्राप्त किए जा सकते है। इस परीक्षा में वे ही आवेदक अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे, जिन्होंने 12वीं हायर सेकंडरी, हाईस्कूल के साथ आईटीआई अथवा 3 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स उत्तीर्ण किया हो।

### ब्राह्मण समाज ने किया पौधरोपण

**बैतूल।** हिन्दू शास्त्रों में पेड़ों की महत्ता का वर्णन है यहां तक के उन्हें पूजा भी जाता है। संपूर्ण सनातन ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने जेएच कॉलेज परिसर में माता-पिता के नाम पौधरोपण किया और उसके पालन का संकल्प किया। उषा द्विवेदी और सुभाष पांडे ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए युवाओं और सभी सामाजिक बंधुओं को आगे आना चाहिए। नरेंद्र अवस्थी, डॉ.पीके मिश्रा, डॉ.अल्का पांडे, डॉ.सलील दुबे, अनिल दुबे, नीलम दुबे, मीनाक्षी शुक्ला, ओपी शर्मा, राजेन्द्र मिश्रा, नर्मदा प्रसाद मिश्रा, ललित लिल्लोरे, प्राचार्या एवं स्टाफ मौजूद था।

### मंदिर में पहुंची नील गाय को कुत्तों से बचाया

**बैतूल।** आठनेर विकासखंड के ग्राम कोकाढाना के रामदेव बाबा मंदिर में एक मादा नीलगाय जिसकी उम्र लगभग 4 वर्ष है, जिसे जंगली कुत्ते द्वारा खदेड़ कर घायल किया गया था, मादा नीलगाय जंगल से भागते हुए रामदेव बाबा मंदिर प्रांगण में पहुंची और द्वारकाधीश मंदिर के दरवाजे पर आकर बैठ गई। मंदिर के संत नरेश बाबा ने डरी हुई नीलगाय का बचाव किया और उसकी देखभाल करी। आठनेर के शिवम पात्रेकर द्वारा सूचना देने के बाद वनपरिक्षेत्र अधिकारी अपने स्टाप के साथ मोका स्थल पर पहुंचकर नीलगाय की जांच की, तो नीतगाय के पेट में चोट के निशान पाये गये। इसके पश्चात ग्राम कोकाठाना के ग्रामवासियों के सहयोग से वनविभाग की गाड़ी मे रखी गई।

---

### चोरियों की घटनाओं से लोगों की नींद हुई हराम, आक्रोश बढ़ा

# चोरियों की बढ़ती घटनाओं से नागरिक हो रहे परेशान, पुलिस से की सुरक्षा की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरा




नगर और इसके आसपास के क्षेत्रों में चोरियों की बढ़ती घटनाओं से क्षेत्रवासियों में असुरक्षा की भावना व्याप्त हो गई है। हाल के दिनों में चोरियों की घटनाओं में अचानक वृद्धि देखने को मिली है, जिससे स्थानीय निवासियों के बीच भय का माहौल बन गया है। इसी संदर्भ में, भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष, दिलीप माधव ने शुक्रवार को चोरियों पर रोकथाम लगाने की मांग। को लेकर भौरा पुलिस चौकी प्रभारी संदीप परतेती को एक आवेदन सौंपा है। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष दिलीप माधव ने कहा कि भौरा नगर में चोरियों की घटनाओं में दिन-प्रतिदिन वृद्धि हो रही है और क्षेत्रवासी इस स्थिति से अत्यंत परेशान हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों में कई चोरी की घटनाएं हुई हैं, जिनमें से अधिकांश मामलों में अपराधियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस स्थिति ने क्षेत्रवासियों के बीच असुरक्षा की भावना को और भी गहरा कर दिया है। आवेदन में दिलीप माधव ने पुलिस से निवेदन किया है कि इन चोरियों की रोकथाम हेतु तुरंत और प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने पुलिस गश्त बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने और सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करने की मांग की है। दिलीप माधव का कहना है कि इन कदमों से क्षेत्रवासियों को सुरक्षा का भरोसा मिल सकेगा और चोरियों की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त, दिलीप माधव ने पुलिस से अनुरोध किया है कि आवश्यक हो तो क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर एक बैठक आयोजित की जाए। इस बैठक में सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा की जा सकेगी और समाधान ढूंढा जा सकेगा। इस प्रकार की पहल से पुलिस और क्षेत्रवासियों के बीच संवाद बढ़ेगा और सुरक्षा उपायों को और भी प्रभावी तरीके से लागू किया जा सकेगा। उम्मीद की जा रही है कि पुलिस इस मामले में शीघ्रता से कार्यवाही करेगी और चोरियों की घटनाओं पर नियंत्रण पाने में सफल होगी। आवेदन देने में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष दिलीप माधव, महादेव मर्सकोले, गुलशन धुर्वे,निलेश उईके, विनोद इवने, अर्जुन उईके, सुनील धुर्वे शाहिद अनेक लोग उपस्थित रहे।

### ट्रेन में युवक गिरफ्तार, 225 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद

**बैतूल।** जिले के अपराध खुफिया शाखा आमला में कार्यरत प्रधान आरक्षक अजय सिंह को सूचना प्राप्त हुई कि ट्रेन नंबर 12722 दक्षिण एक्सप्रेस में अंग्रेजी शराब की तस्करी की जा रही है। यह जानकारी निरीक्षक अखुशा नागपुर को अवगत कराई गई, जिन्होंने मार्गदर्शन में प्रधान आरक्षक अजय सिंह और आरक्षक विकाश कुमार को कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। उक्त ट्रेन को मुलताई स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 पर समय लगभग 14.35 बजे निगरानी के दौरान, ट्रेन के पीछे वाले सामान्य कोच के सामने एक व्यक्ति को दो भारी बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में देखा गया। उसे रोककर पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम समर सिंह चौहान, पिता का नाम अरविन्द सिंह, उम्र 29 वर्ष, पता वार खाश, औरंगाबाद, बिहार- 824103 बताया और कहा कि उक्त दोनों बैग उसके हैं। जब बैग के अंदर रखे वजनी सामान के बारे में पूछा गया, तो उसने बताया कि उसमें अंग्रेजी शराब है। इसके बाद उक्त व्यक्ति और दोनों बैगों को आरपीएफ थाना आमला में लाया गया। बैगों को खोलकर देखने पर उनमें विपिबमतह्ने बेवपबम 90 उस की 225 बोतलें पाई गईं, जिनकी कुल कीमत 20,250- रुपये आंकी गई। पूरी प्रक्रिया के दौरान ठछै के मुताबिक घटना स्थल, आरोपी की व्यक्तिगत तलाशी, सुपुर्दगी के समय बराबर फोटो वीडियोग्राफी की गई।

### बिजली आपूर्ति को मजबूत करने की पहल

# गवासेन व गुरगुंदा में दो नए सब-स्टेशनों की होगी स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरा

मध्यप्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र के बैतूल जिले में दो नए सब-स्टेशनों की स्थापना की योजना बनाई गई है। यह पहल क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को मजबूत करने और स्थानीय निवासियों को अधिक विश्वसनीय और स्थिर बिजली सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के कार्यालय प्रबंध संचालक द्वारा जारी किए गए पत्र के अनुसार, इस परियोजना का उद्देश्य घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र में विद्युत वितरण को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। यह पत्र मुख्य महाप्रबंधक (भोपाल क्षेत्र) को संबोधित है और इसमें विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी,. शासन, ऊर्जा विभाग के निर्देशों का पालन करते हुए तकनीकी और वित्तीय विश्लेषण के आधार पर आवश्यक कार्यवाही करने का आग्रह किया गया है।



#### परियोजना का महत्व

घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक गंगा सज्जन सिंह उड़के ने इस परियोजना के महत्व को रेखांकित करते हुए ऊर्जा मंत्री को एक पत्र लिखा था। विधायक ने पत्र में बताया कि क्षेत्र के नागरिक लंबे समय से विद्युत आपूर्ति में अस्थिरता और बार-बार होने वाली बिजली कटौती की समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप, दैनिक जीवन और कृषि कार्य की गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न तोमर ने इस मामले को गंभीरता से लिया।

#### कार्रवाई सुनिश्चित करें

मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे इस परियोजना का त्वरित परीक्षण करके आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। कंपनी ने मुख्य महाप्रबंधक (भोपाल क्षेत्र) से अनुरोध किया है कि वे एक सप्ताह के भीतर इस संबंध में की गई कार्यवाही और वस्तुस्थिति से कार्यालय को अवगत कराएं ताकि विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, म.प्र. शासन, ऊर्जा विभाग को प्रतिवेदन भेजा जा सके।

---

### पत्रकार वार्ता में बोले नर्मदापुरम के सांसद

# लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से चरितार्थ हो गया एमपी के मन में है मोदी: दर्शनसिंह चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष व नर्मदापुरम सांसद दर्शनसिंह चौधरी ने जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन आयोजित भारतीय जनता पार्टी की विस्तारिक प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पारित राजनीतिक प्रस्तावों और 3 जुलाई को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और परिश्रम से भाजपा को मध्यप्रदेश सहित देशभर में इस लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त हुई है। आम चुनाव में दोबारा चरितार्थ हुआ कि एमपी के मन मे मोदी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार द्वारा बीते दस वर्षों में किए गए गरीब कल्याण, सुशासन के कामों और जनहित की योजनाओं के कारण ही मध्यप्रदेश के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सभी 29 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त हुई है। हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा विधानसभा में जो बजट प्रस्तुत किया गया है, वह बजट जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए लाया गया है। यह बजट 2024 विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने में योगदान देने वाला है। चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा बताई गई चार जातियों के कल्याण के लिए मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार लगातार कार्य कर रही है। मध्यप्रदेश सरकार का हाल ही में 3 जुलाई को विधानसभा में प्रस्तुत बजट प्रदेश की जनता को आत्मनिर्भर बनाने के साथ 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में योगदान देने वाला है। देश में बहुत से राज्य ऐसे है जहां भाजपा का अपना वोट प्रतिशत भी बढ़ा है। केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, प्रदेश उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी पंकज जोशी, जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन , भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला, विधायक हेमंत खंडेलवाल, डा.योगेश पंडाग्रे, गंगा उइके, मीडिया प्रभारी सुर्यदीप त्रिवेदी विशेष रूप से मौजूद रहे।

### शाहपुर विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों में भ्रमण किया

# वर्तमान की स्वस्थ किशोर अवस्था भविष्य का स्वास्थ्य है: मानसी शेखर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरा



न्यूट्रिशन इंटरनेशनल मध्यप्रदेश में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग को सहायता प्रदान कर रहा है ताकि स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत किया जा सके और जिले में लागू विभिन्न पोषण हस्तक्षेप कार्यक्रमों की गुणवत्ता में सुधार किया जा सके। न्यूट्रिशन इंटरनेशनल बैतूल में एनीमिया मुक्त कार्यक्रम एवं विटामिन। अनुपुर्णन कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं कवरेज की गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर अपना सहयोग प्रदान कर रहा । न्यूट्रीशन इंटरनेशनल, कार्यक्रम नियोजन, खरीद को सुव्यवस्थित करने, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, निगरानी, रिपोर्टिंग, व्यवहार परिवर्तन संचार एवं दस्तावेजीकरण में स्वस्थ्य परिवार एवं कल्याण, स्कूल शिक्षा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को सहयोग प्रदान कर रहा है। न्यूट्रीशन इंटरनेशनल प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने में आने वाली चुनोतियों से निपटने के लिए विभाग की सहायता करता है मानसी शेखर राज्य प्रतिनिधि, न्यूट्रीशनल इंटरनेशनल भोपाल, द्वारा बैतूल जिले के शाहपुर विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों में भ्रमण किया गया। हायर सेकेंडरी स्कूल, भवरा, शासकीय हाई स्कूल कुण्डी एवं सी एम राइज स्कूल, शाहपुर में दौरा किया गया।

---

# प्रधानमंत्री को 8 व मुख्यमंत्री को 16 सूत्रीय मांगों से अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन सीटू के तत्वावधान में संगठन की जिला अध्यक्ष सुनीता राजपाल, महासचिव पुष्पा वाईकर, सचिव इंद्रा भारद्वाज, सोनम तायवाडे, संरक्षक कामरेड कुन्दन राजपाल की अगुवाई में प्रधानमंत्री के नाम 8 सूत्रीय मुख्यमंत्री के नाम 16 सूत्रीय मांगों को लेकर संयुक्त कलेक्टर महिला एंव बाल विकास के सहायक अधिकारी केएल शर्मा को ज्ञापन सौंपा साथ ही 19 जुलाई को केंद्र बंद हड़ताल की सूचना भी दी गई। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन में यूनियन ने संपर्क एप बंद किए करें, 3 से 6 वर्ष के बच्चों को सरकारी स्कूलों में प्रवेश के आदेश को निरस्त करने, उच्च क्वालिटी का मोबाइल दिए जाने, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत सेवानिवृत्ति पर ग्रेविटी देने, सेवाकाल में मृत्यु होने पर पांच लाख रुपये की राशी परिवार को सहायता के रूप देने, परियोजना स्तर पर मीटिंग में आने-जाने का यात्रा भत्ता दिए जाने, ग्रीष्मकालीन दो माह का अवकाश दिए जाने पेंशन योजना लागू करने की मांग की गई। यूनियन ने प्रधानमंत्री से गुहार लगाई कि न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये दिया जाए, आईसीडीएस का निजीकरण नहीं किया जाए। आईसीडीएस के बजट में वृद्धि किए जाने के साथ चार श्रम संहिताएं को तत्काल वापस लेने आदि मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की गई। कुंदन राजपाल ने कहा कि मांगों को सरकार ने पूरा नहीं करने की दशा में प्रदेश व्यापी एक दिवसीय हड़ताल की जाएगी जिसकी सूचना भी सौंप दी गई है। कोषाध्यक्ष संगीता कनाठे, कार्यकारी अध्यक्ष सविता आर्य, सहायक महासचिव रेखा काले, उपाध्यक्ष योगिता शिवहरे आदि उपिस्थत थे।

### स्टेशन रोड पर स्थित लॉन का मामला

# शादी समारोह में मैरिज लॉन में तीन युवकों समेत घोड़े को लगा करंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगर में संचालित मैरिज लॉन को लेकर हमेशा ही सवाल उठते रहे हैं बात स्वच्छता की हो या सुरक्षा की स्थानीय प्रशासन कभी भी मैरिज लॉन संचालकों से नियमों का पालन करना आवश्यक नहीं समझता। हाल ही में लॉन में तीन युवकों को करंट लग गया इसके साथ ही दूल्हे को लेकर आए घोड़े की करंट लगने से मौत होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार स्टेशन रोड पर स्थित सावरिया लॉन में बीती रात देशमुख परिवार का शादी समारोह चल रहा था। बैतूल से बारस्कर परिवार की बारात जैसे ही लॉन के गेट पर पहुंची, तभी से दूल्हा जिस घोड़े पर बैठकर बारात लेकर पहुंचा था, उस घोड़े की मौत हो गई। घोड़े के साथ मौजूद रोहित पंद्राम ने बताया कि बारात में मौजूद लोग घोड़े को मंडप के अंदर तक ले जाने का कह रहे थे। बार बार मना करने के बाद भी जबरजस्ती घोड़े को मंडप के अंदर लिजाया गया। जहा घोड़े को करंट लग गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।



# जयवंती हक्सर महाविद्यालय कल से होगा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जयवंती हक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का नाम प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में 14 जुलाई को उन्नयित होगा। प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे ने बताया कि मध्य प्रदेश के 55 जिलों के 55 शासकीय महाविद्यालयों को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयित करते हुए उन्हें बहु संकायी बनाने तथा स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें जयवंती हक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल भी शामिल है। एक्सीलेंस कॉलेजों की विशेषता है कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप इनमें सभी कोर्स उपलब्ध होंगे तथा ये कॉलेज सभी संसाधनों से युक्त होंगे। युवा पीढ़ी को इन कॉलेजों का लाभ मिलेगा। महाविद्यालय को अधोसंरचना विकास के लिये लगभग 602.00 लाख रुपये तथा वार्षिक आवर्ती व्यय रू. 160.50 लाख की स्वीकृति प्रदान की जा रही है।

#### विद्यार्थियों के लिए होगी बस सेवा प्रारंभ

प्राचार्य ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए 14 जुलाई शुभारंभ दिनांक से एक बस सेवा प्रारंभ की जाएगी। महाविद्यालय द्वारा रूट एवं समय सारणी का निर्धारण किया गया है। इसके अलावा महाविद्यालय में विद्यावन, हिन्दी ग्रन्थ अकादमी का काउंटर, भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ, विवेकानंद युवा संसाधन केंद्र की स्थापना की गई है। समस्त कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के सुचारू संचालन तथा सतत समीक्षा करने हेतु शासन स्तर पर टीम गठित की गई है, जो प्रतिमाह इन महाविद्यालयों का भ्रमण कर प्रतिवेदन आयुक्त उच्च शिक्षा के निज सहायक को प्रस्तुत करेगी।

---

### भाजपा की जिला कार्यसमिति बैठक

# हमारा विचार राष्ट्र प्रथम का है: पंकज जोशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग संगठन प्रभारी पंकज जोशी ने कहा कि हमारा विचार राष्ट्र प्रथम है हमारी प्रेरणा अंत्योदय है। भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला ने कार्यक्रमों की जानकारी दी। प्रदेश संगठन द्वारा 9 जुलाई से आगामी 4 अगस्त तक चलाये जाने वाले कार्यक्रम जिसमे 10 से 15 जुलाई तक मण्डल स्तर की वृहद बैठक, 13 से 20 जुलाई तक शक्तिकेन्द्र सम्मेलन में बूथ नेतृत्व सम्मान समारोह, 21 जुलाई गुरुपूर्णिमा पर्व, 26 जुलाई कारगिल विजय दिवस, मन की बात, एक पेड़ माँ के नाम के तहत जिले में डेढ़ लाख से अधिक पौधरोपण किया जाएगा। लोकमाता अहिल्या के 300 वें तथा रानी दुर्गावती के जन्म के 500 वें वर्ष होने पर महिला जनप्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित कर सम्मान करना। विधायक हेमंत खंडेलवाल, आमला विधायक डा.योगेश पंडाग्रे व घोडाडोगरी विधायक गंगा उइके ने भी संबोधित किया।

### नर्मदापुरम के विधायकों के साथ चर्चा में कलेक्टर भी वर्चुअली हुए शामिल

# प्रदेश में15 जुलाई से प्रारंभ होगा राजस्व प्रकरणों के निराकरण का दूसरा चरण : मुख्यमंत्री डॉ.मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देश पर राजस्व प्रकरणों के निराकरण का दूसरा चरण 15 जुलाई से प्रारंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के विधायकों के साथ चर्चा कर रहे थे। कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को आयोजित इस वर्चुअल बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन, पुलिस अधीक्षक निश्चल एन झारिया, डीएफओ विजयानंतम टीआर, संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद भी उपस्थित थे।उन्होंने बताया कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए राज्य शासन द्वारा इसके पूर्व 15 जनवरी से 29 फरवरी 2024 तक महाअभियान चलाया गया था। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन हो या जनसुनवाई सबसे ज्यादा आवेदन भूमि एवं भूमि के नामांतरण, नक्शे में सुधार अथवा खसरे की नकल आदि के होते थे।

#### भूमि का करें चिन्हांकन

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि उद्योगों की स्थापना के लिए प्रदेश का वातावरण बहुत अनुकूल है। उन्होंने कलेक्टर्स से कहा कि लघु, कुटीर एवं मध्यम उद्योगों की स्थापना के लिए लैण्ड बैंक की स्थापना करें। जिसमें पहले से ही उद्योगों के लिए भूमि चिन्हित कर सुरक्षित रखे। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि उद्योग उस क्षेत्र के मुखिया की तरह काम करता है जो कई परिवारों को रोजगार देता है। लघु एवं कुटीर उद्योगों की स्थापना से स्थानीय लोगों एवं स्थानीय प्रोडक्ट को प्रोत्साहन और बढ़ावा मिलता है। विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि उद्योगों की स्थापना के बाद स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता दी जाए।

#### गो-शालाओं को नगर निगम से जोड़े

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशों के अनुक्रम में कलेक्टर सूर्यवंशी ने गो-शालाओं को नगर निगम से जोडने के निर्देश सीएमओ को दिए और कहा कि शहर में निराश्रित पशुओं को सडकों पर नहीं टहलने दे। उन्हें सुरक्षित रूप से गो-शालाओं में रखें।

#### दीनदयाल रसोई

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि अस्पतालों में मरीजों के लिए तो भोजन की व्यवस्था हो जाती है, परंतु उस मरीज के परिजनों के लिए भोजन व्यवस्था कहां से हो। गरीबों के लिए उपयोगी दीनदयाल रसोई को अस्पताल परिसर में संचालित किया जाए। जिससे इस रसोई का काम सामान्य लोगों के साथ-साथ मरीज के परिजनों को भी मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को राज्य शासन की योजनाओं की संपूर्ण जानकारी होना चाहिए और इन योजनाओं में अपना इन्वालमेंट इस प्रकार रखें कि योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिलाने के लिए आप सीधे हस्तक्षेप कर सकें।

#### सम्मान से हो कार्यक्रमों का आयोजन

मुख्यमंत्री.डॉ मोहन यादव ने कहा कि शासकीय कार्यक्रम, समारोह का शुभारंभ और समापन राष्ट्रगान के साथ हो। प्रत्येक जिले में पुलिस बैंड की टीम हो। पुलिस बैण्ड की धुन पर राष्ट्रगान हो। जिन जिलों में पुलिस बैण्ड नहीं है वहां पुलिस बैण्ड की व्यवस्था करें।

### 4 वर्षीय बच्चे को मां तक पहुंचाने में सफल हुई जीआरपी टीम

# जीआरपी ने हजारों किमी किया सफर बांग्लादेश की बॉर्डर से पकड़ाए आरोपी

**जीआरपी का मानवीय चेहरा सामने आया है, चंद सुराग के बलबूते पर एक चार माह के बच्चे को तलाशकर उसकी मां से मिलवाया और घटना के आरोपियों को पकड़ा।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नए कानून की गहमा-गहमी भरे वातावरण से दूर हटकर इटारसी जीआरपी ने मानवता की मिशाल पेश करने वाला काम किया है जिसकी हर तरफ तारीफ हो रह है। फर्ज के साथ यदि मानवता के दर्शन हो जाएं तो स्वभाविक तौर पर कम से कम पुरस्कार में तारीफ तो बनती है।

मामला एक केवल चार माह के बच्चे के अपेहरण से जुड़ा है। यह अपहरण शहद बेचने वाले दल ने रेलवे स्टेशन से उस वक्त किया था जब एक गरीब महिला रेलवे स्टेशन पर अपने बच्चे के साथ सो रही थी। मां जब गहरी नींद में थी, तब शहद बेचने वालों के दल ने उसके बच्चे को उठा लिया। जीआरपी ने खबर लगते ही एक्शन मोड में काम किया और अपहरणकर्ताओं का पीछा किया। जब तक जीआरपी तक खबर पहुंचे, अपहरणकर्ता ट्रेन में बैठकर इटारसी छोड़ चुके थे। जीआरपी की टीम ने दूसरी ट्रेन से पीछा किया और तमाम तकनीकि साधन अपनाते हुए आखिकार बिहार में बांग्लादेश की बार्डर से बच्चे को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छुड़ाया और सभी को इटारसी लेकर आ गये।

### यह है पूरा मामला

रेलवे स्टेशन इटारसी से 4 माह के अपहृत अबोध बालक को जीआरपी पुलिस इटारसी द्वारा बिहार से लाकर आरोपी को गिरफ्तार कर मां से मिलवाया है। 7 जुलाई को प्रीति पति स्व. बृजेश ओझा 28 साल निवासी सिराली, जिला हरदा मप्र अपनी बहन बीनू के साथ सिराली हरदा से इटारसी आयी थी, जो प्लेटफार्म नंबर 1 सीढ़ियों के सामने चबूतरे पर, रेल्वे स्टेशन इटारसी के पास अपने बालक के साथ सो गयी थी। नींद खुलने पर देखा तो कोई अज्ञात बदमाश उसके अबोध बालक मल्हार उम्र लगभग 4 माह का अपहरण कर ले गया। मामले में उसने थाना जीआरपी आकर रिपोर्ट की।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों मृगाखी डेखा, पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल, महेंद्र सिंह कुल्हाड़ा, उप पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल से निर्देश प्राप्त कर थाना प्रभारी जीआरपी इटारसी निरीक्षक रामस्नेह चौहान के नेतृत्व में तत्काल टीम गठित करते हुए रेल्वे स्टेशन इटारसी में लगे सीसीटीवी कैमरों का बारीकी से अवलोकन किया। टीम को पूछताछ पर पता चला कि मामले के मुख्य संदेही बालक को लेकर ट्रेन दानापुर सिकंदरबाद एक्सप्रेस से बिहार की ओर गए हैं। जीआरपी इटारसी की एक टीम तत्काल आरोपियों का पीछा करते हुए बिहार रवाना हुई। टीम ने तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपियों सुमन करोड़ी पिता जगदीत करोड़ी उम्र 25 साल निवासी ग्राम वनमनखी थाना वनमनखी जिला पूर्णिया बिहार और वसंती देवी पति सुमन करोड़ी उम्र 22 साल निवासी ग्राम वनमनखी थाना वनमनखी जिला पूर्णिया बिहार को अपहृत अबोध बालक के साथकिशनगंज बिहार से पकडक़र इटारसी लायी। अबोध बालक की मां जिसका विगत 4 दिनों से रो-रोकर बुरा हाल था, बालक को पेश करने पर अपने बालक की पहचान की। मामले में आरोपी एवं उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर पूर्व में भी बच्चे उठाने के संबंध में पूछताछ की जा रही है। आरोपियों से पूछताछ के आधार पर ह्यूमन ट्रेफिकिंग की धाराओं का पृथक से इजाफा किया जा रहा है।

### आटो चालक से मिला से मिला सुराग

दरअसल, अपहरणकर्ताओं ने सीसीटीवी कैमरों से बचने का भरसक प्रयास किया, लेकिन वे दिखाई दे गये। उन्होंने एक आटो किया और बच्चे के साथ अपने अन्य साथियों को लेकर पीछे से घूमते हुए दूसरी तरफ से प्लेटफार्म क्रमांक सात पर पहुंचे और यही से बिहार के लिए ट्रेन पकड़ी। अभी जीआरपी बच्चे की तलाश में अपना दिमाग लगा ही रही थी कि एक आटो चालक ने बताया कि उसने कुछ महिला पुरुषों को बच्चों के साथ प्लेटफार्म सात पर छोड़ा है। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज देखी और संदेही महिलाओं को दानापुर सिकंदरबाद एक्सप्रेस में बैठते देखा। बस यहीं से जीआरपी ने पीछा किया और बच्चे को बिहार से इटारसी लाने में तीन दिन बच्चे को दूध खरीदकर गर्म कराके, बॉटल में भरकर पिलाया और पालक बनकर इटारसी तक लेकर आये। इस पूरी कवायद में जीआरपी कर्मियों का बीस हजार रुपए खर्च हो गया, लेकिन उनके चेहरे पर एक दुधमुंहे बच्चे को उसकी मां से मिलवाने का जो संतोष है, वह इन रुपयों से अधिक कीमती है।

## जपं सीईओ ने किया ग्राम पंचायत सहेली का औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



सरकार लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन लापरवाह अधिकारियों के कारण स्कूलों की पढ़ाई और शासकीय कार्य प्रभावित रहे हैं। शुक्रवार को ऐसे ही कुछ मामले सामने आए है।

सुबह 10.35 बजे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत केसला रंजीत ताराम ने शासकीय कार्यालय के नियमित संचालन एवं कर्मचारियां की कर्तव्य पर उपस्थिति को दृष्टिगत रखते हुये हाईस्कूल सहेली एवं ग्राम पचांयत सहेली का औचक निरीक्षण किया गया। उनके निरीक्षण के दौरान कई कमियां सामने आई। जिसमें हाईस्कूल सहेली के निरीक्षण समय पर समस्त शिक्षकगणों की उपस्थिति अवलोकन करने पर पाया गया कि माध्यमिक शिक्षक मुनेन्द्र भरोरिया , सहायक शिक्षक मंजू यादव और प्राथमिक शिक्षक अण्पूर्णा पाण्डे अपने कर्तव्य से अनुपस्थित थी। कक्षा 9 वी के निरीक्षण के दौरान कुल दर्ज संख्या- 45 के विरूद्ध केवल 16 छात्र उपस्थित पाये गये। उपस्थित संस्था प्रभारी को निर्देशित किया कि प्रतिदिन नियमित समय पर शाला संचालन एवं छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित करे। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि पौध रोपण कार्य संस्था में वृहद स्तर पर करे। एक पेड मॉ के नाम अवश्य लगाए।

### उप प्रार्चाय ने गिनाई समस्याएं

उपप्राचार्य द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी से निवेदन किया गया कि 72 मीटर की अपूर्ण बाउण्ड्रीवाल पूर्ण कराई जाए। इस दौरान निरीक्षणकर्ता द्वारा आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु आश्वासन दिया गया।

वहीं ग्राम पंचायत सहेली पचांयत में सचिव एवं सहायक सचिव उपस्थित पाये गये। मोबलाईजर प्रसूती अवकाश पर होने से अनुपस्थित मिली। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन पंचायत भवन अपूर्ण है जिसे शीध्र पूर्ण कराने और आंगनबाडी निर्माण कार्य को भी शीघ्रता से पूर्ण कराने की बात कही।

### तिलकसिंदूर मंदिर की दानपेटी से रुपए चोरी



**इटारसी।** तिलक सिंदूर की दानपेटी तोड़कर अज्ञात ने दान के पैसे चुरा लिए। बीती रात घने जंगल में बसे तिलक सिंदूर मंदिर की दान पेटी तोडक़र चोर रुपए चुराकर ले गये। मामले की जानकारी मिलने के बाद पथरोटा पुलिस जांच कर रही है। तिलक सिंदूर मंदिर में रखी दान पेटी में कितने रुपए थे इसका अभी पता नहीं चला है। पथरोटा थाना प्रभारी संजीव कुमार पवार के अनुसार मंदिर की दान पेटी के ताले टूटने की जानकारी लगी है। पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन कर रही है। आदिवासी सेवा समिति तिलकसिंदूर के मीडिया प्रभारी विनोद वारीबा ने बताया कि घटना बुधवार रात की है। अज्ञात चोर मंदिर में रखी दान पेटी को तोडक़र उसमें रखे रुपए चुरा ले गये। यह दान पेटी साल में दो बार खुलती है। पिछले बार तिलक सिंदूर मेले के बाद यह दानपेटी खोली गई थी, जिसमें 25000 दान के रुपये निकले थे। अब दान पेटी सावन मास के बाद खोली जाती, लेकिन चोर ने इसके ताले तोड़ कर रुपए निकाल लिए। दानपेटी में कितने पैसे थे यह कहना मुश्किल है। गुरुवार की सुबह मंदिर के पुजारी जब मंदिर में पहुंचे तो देखा मंदिर में रखे दो दान पेटी का ताला टूटा पड़ा था। पुजारी की सूचना पर पथरोटा पुलिस जांच में जुटी है।

## एसडीएम के अभद्र व्यवहार से नाराज पटवारी संघ के सदस्यों ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन, की कार्रवाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



अनु विभाग की राजस्व अधिकारी संतोष तिवारी के द्वारा लगातार पटवारी के अलावा आम जनता से एवं सभी लोगों से अभद्र व्यवहार करने को लेकर लोगों में काफी नाराज की व्यक्त की जा रही है। अभी जगत जनवरी पटवारी संघ के अध्यक्ष मुगल साहब भारती ने बताया कि कैसी अध्यक्ष अभिषेक के एवं संतोष श्रीवास्तव के द्वारा जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार वैभव बैरागी को ज्ञापन सोपा गया है जिसमें अनुभाग्य अधिकारी को हटाकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई है। मैं कहां गया है कि समस्त तहसीलों के पटवारी के द्वारा दिवंगत पटवारी प्रेमियों मेहरा को मानसिक रूप से प्रताड़ना देने के कारण हृदय घाट से मृत्यु हुई है जिसे सभी पटवारी ने काफी गहरा दुख से दुख व्यक्त किया है। पटवारी के द्वारा उपरोक्त दिनांक को ज्ञापन किया गया जिसमें संवेदनशील के द्वारा जांच हेतु तत्काल अनुविभागी राजस्व अधिकारी संतोष तिवारी को हटाने एवं उन पर कार्रवाई करने की मांग की गई है उन्होंने कहा है कि अनुविभवी अधिकारी के सदस्य होते ही पटवारी को समय-समय पर निरंतर उनके द्वारा अभद्र व्यवहार कर नीति स्वार्थ की पूर्ति हेतु झूठे आरोप लगाकर अनावश्यक रूप से मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा है। तथा पटवारी का आरोप है कि उन्हें तत्काल हटाकर जिले के बाहर सदस्य दिए जावेएवं कार्यवाही की जावे ताकि जांच प्रभावित न हो जांच तहसील कार्यालय पिपरिया बनखेड़ी की ना कि जाकर अनुभव भाग्य प्रक्रिया के समझ पटवारी इस कार्यालय से बुलाकर बयान लिए जावे ताकि सही जांच हो सके उसमें मृत्यु को प्राप्त पटवारी प्रवीण मेहरा के परिवार के पटवारी को न्याय मिल सके। अनु प्रभकी अधिकारी संतोष तिवारी को यदि तत्काल नहीं हटाया गया तो किसी भी अपनी घटना या किसी अन्य पटवारी के साथ घटित होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। उपरोक्त कार्रवाई के लिए समय अवधि पटवारी के द्वारा की गई है जिसमें बताया गया है कि 12 जुलाई 2024 को समस्त पटवारी 3 दिन के अवकाश पर चले जाएंगे यदि एसडीएम को नहीं हटाया गया तो और सभी शासन के वाट्सएप ग्रुपों से बाहर हो जाएंगे।

### कैंसर से बचाव हेतु टीकाकरण कार्यक्रम शुरू

**नर्मदापुरम।** देश में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के लगातार बढ़ रहे प्रकरणों को ध्यान में रखते हुए सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिये टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। संभागायुक्त के.जी. तिवारी की उपस्थिति में अन्नापुरा स्कूल में छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिये टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ किया गया। हरदा कलेक्ट व मुख्य चिकित्सा अधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद थे। कमिश्नर श्री तिवारी ने इस अवसर पर छात्राओं को इस टीकाकरण के महत्व के बारे में बताया। उन्होने छात्राओं को समझाया कि महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर ह्यूमन पेपीलोमा वायरस के संक्रमण के कारण होता है।

## कालेज में मनाया गया विश्व जनसंख्या दिवस छात्राओं को दी गई कई प्रकार की जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा के विज्ञान संकाय द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्य डॉ कल्पना स्थापक द्वारा मां सरस्वती की पूजन अर्चन से किया गया। प्राचार्य महोदया ने वर्तमान परिपेक्ष में जनसंख्या दिवस मनाए जाने की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। डॉ. ए.के.यादव आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर ने जनसंख्या वृद्धि के पर्यावरण और आर्थिक दुष्प्रभाव पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री प्रशांत चौरसिया ने स्किल्ड जनसंख्या देश के लिए संपदा किस प्रकार हो सकती है विस्तार से वर्णन किया। सुमन यादव बताया कि संयुक्त राष्ट्र ने 11 जुलाई 1989 को प्रथम विश्व जनसंख्या दिवस मनाया, इसका उद्देश्य विश्व को जनसंख्या वृद्धि के कारण पर्यावरण, आर्थिक ,शैक्षणिक और मौलिक सुविधाओं पर पड़ने वाले प्रभाव से अवगत कराना एवं जागरूक करना था। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत चौरसिया एवं सुमन यादव ने किया। कार्यक्रम में प्रो. एसके अग्रवाल, डॉ एके यादव, डॉ एसके झा, डॉ योगेश खंडेलवाल, डॉ मोहन सिंह गुर्जर, डॉ जया कैथवास, डॉ आरती पडियार, डॉ अनुराग पथक, विजयश्री मालवीय, कमल सिंह अहिरवार उपस्थित रहे।

## एनपीएफ के खिलाफ यूनियन ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




वेस्ट सेंट्रल रेलवे एंपलाइज यूनियन और आल इण्डिया रेलवे मेन्स फेडरेशन द्वारा एनपीएस के खिलाफ गुरूवार को जगह जगह धरना प्रदर्शन किया गया। इटारसी की सभी ब्रांचों में धरना प्रदर्शन एवं एनपीएस को बंद करने के लिए विरोध प्रदर्शन किया। आल इंण्डिया रेलवे मेंन्स फेडरेशन और वेस्ट सेंट्रल रेलवे एंपलाईज यूनियन द्वारा गुरूवार भोपाल मंडल के 14 शाखाओं में न्यू पेंशन स्कीम को बंद कर पुरानी पेंशन स्कीम की बहाली को लेकर आंदोलन किया गया गया। इटारसी की सभी ब्रांचों के साथ रेलवे स्टेशन स्थित स्टेशन प्रबंधक कार्यालय के सामने यूनियन के पदाधिकारी और सदस्यों ने एकत्रित होकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद स्टेशन प्रबंधक देवेन्द्र सिंह चैहान को एक ज्ञापन सौपा गया। इस दौरान मोजूद यूनियन के मंडल अध्यक्ष आरके यादव ने कहा कि आल इण्डिया रेलवे फेडरेशन के आहवान पर पूरे देश में प्रदर्शन किया जा रहा है। आल इण्डिया रेलवे फेडरेशन के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा द्वारा जब पूरे श्रमिक संगठनों की तरफ से भारत सरकार से जो चर्चा की की गई थी तब सरकार ने कहा था कि चुनाव के बाद एनपीएस को बंद कर पुरानी पेंशन स्कीम की बहाली की जाएगी, लेकिन चुनाव के बाद अब सरकार भी बन गई लेकिन अभी तक सरकार ने एनपीएस को बंद करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए हैं। इसलिए देश भर में न्यूपेंशन स्कीम को बंद कर पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर यूनियन के अन्य पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

## आरटीओ ने किया में औचक निरीक्षण, की चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ जांच दल द्वारा पोवारखेडा तथा इटारसी स्थित सीएम राइज स्कूलो का निरीक्षण किया गया, जिसमे स्कूल संचालक तथा बस संचालक की उपस्थिति में बसों की परिवहन अधिनियम के नियमानुसार बसों की कमी से अवगत कराते हुए जांच की गई, तथा बस ट्रांसपोर्ट संचालक को सभी परिवहन नियमों से अवगत कराते हुए बसों में सुधार करने को कहा गया। जांच में कुल 4 बसों में कमी पाए जाने पर 11000 हजार की चालानी कार्यवाही की गई, तथा 1 स्कूल बस का फिटनेस निरस्त किया गया जिसे ठीक स्थिति में करवाकर आरटीओ कार्यालय आकार पुनः फिटनेस कराने को कहा गया। आरटीओ अधिकारी ने बताया कि स्कूलों में संचालित होने वाले सभी छोटे बड़े वाहनों को लगातार जांच किया जा रहा है, जिन वाहनों में कमी पाई जा रही है उन वाहनों पर चालानी कार्रवाई के साथ फिटनेस निरस्त किया जा रहा है।

## विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



विकासखंड सिवनी मालवा में शिक्षा विभाग की विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक दिनांक 12 जुलाई को सरोज सिंह परिहार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की उपस्थिति में संपन्न स्थानीय जनपद सभागृह में संपन्न हुई जिसमें 16 हाई स्कूल एवं 14 हायर सेकंडरी स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित थे । एसडीम ने बताया कि संकुल प्राचार्य नियमित रूप से संकुल की अधीनस्थ शालाओं का निरीक्षण करें तथा अनुपस्थित शिक्षकों का प्रतिवेदन बनाकर कार्रवाई हेतु वरिष्ठ कार्यालय को प्रस्ताव भेजें एसडीएम ने बताया कि मेरे द्वारा विगत दिवस प्राथमिक शाला भमेडी एवं बराखड का औचक निरीक्षण किया था स्कूल में शिक्षक अनुपस्थित पाए गए थे संकुल प्राचार्य से पूछा कि आपके द्वारा क्या कार्रवाई की गई है।

शाला परिसर में पौधरोपण वायुदुत एप्प के से किया जाना है सभी प्राचार्य एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाएं , 30% से काम परीक्षा परिणाम लाने वाले अतिथि शिक्षकों के बारे में भी जानकारी ली गई विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्याम सिंह रघुवंशी ने बेस लाइन टेस्ट की जानकारी ली संकुल के अंतर्गत जर्जर भवन की भी जानकारी ली गई विकासखंड में जो जर्जर स्कूल है उनमें अध्यापन कार्य नहीं कराया जाए आगामी बैठक में सभी संकुल प्राचार्य से वन टू वन चर्चा की जाएगी बैठक में विकासखंड के सभी संकुल प्राचार्य एवं प्राचार्य तथा कार्यालय से लिपिक विमल दीप कटारे एवं विष्णु प्रसाद लोवंशी उपस्थित थे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान

## जिपं सदस्यों ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिला पंचायत के वाटसन पार्क में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 55 पौधे रोपित किए गए। उल्लेखनीय है कि गत दिवस कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना ने वाटसन पार्क के निरीक्षण के दौरान पार्क की अव्यवस्थाओ के संबंध में नाराजगी व्यक्त की थी। कलेक्टर सु मीना की पहल के बाद से पार्क में सुधार कार्य किये गये। कलेक्टर द्वारा पार्क के कायाकल्प करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया था। जिसके बाद पार्क में साफ सफाई, रंग रोगन कार्य सहित कई मुख्य बदलाव किये गये। कलेक्टर की इस पहल के बाद पार्क की सूरत बदल चुकी है।

इसी क्रम में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सोजान सिंह रावत की उपस्थिति में पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मती राधा बाई, नर्मदापुरम जनपद अध्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे, सोहागपुर जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, सभी जिला पंचायत सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा स्थानीय लोगों ने पौधे रोपित करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, सभी पौधों के साथ पौधे लगाने वालों की मां के नाम की तख्तियां भी लगाई गई।

## विद्यार्थी परिषद के चुनाव हुए संपन्न, चैन सिंह बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चैन सिंह पटेल को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस चुनाव में विद्यार्थी परिषद के तमाम सदस्यों एवं पदाधिकारी के द्वारा काफी गंभीरता के साथ चुनाव में भाग लिया गया और कॉलेज के विद्यार्थियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए चुनाव संपन्न कराया गया जिसमें हरदीप सिंह नागपाल को जिला मंत्री नियुक्त किया गया है। इसके अलावा कॉलेज से तीन युवतियों को सचिव सेसह सचिव उपाध्यक्ष महामंत्री प्रचार मंत्री मीडिया प्रभारी सहित तमाम पड़ा से नवाजा गया है चैन सिंह के अध्यक्ष बनते ही बड़ा महोत्सव मनाया गया कॉलेज परिसर में बड़े जोरदार ढंग से स्वागत सम्मान करते हुए विद्यार्थियों ने उनकी समस्याओं के निदान को लेकर अध्यक्ष का चयन किया है और उन्होंने अस्वस्थ किया है कि वह हमेशा विद्यार्थियों की समस्याओं के लिए उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के तमाम सभी जनप्रतिनिधि संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ-साथ कॉलेज के सभी स्टाफ के द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई तथा उनका स्वागत सम्मान किया गया।

## जीनियस प्लानेट सीनियर सेकंडरी स्कूल में स्टूडेंट कैबिनेट का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




जीनियस प्लानेट सीनियर सेकंडरी स्कूल में स्टूडेंट कैबिनेट का गठन हुआ। इस अवसर पर स्टूडेंट कैबिनेट को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाने के लिए सांसद दर्शन सिंह चौधरी,नपाध्यक्ष पंकज चौरे, फाउंडर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन शिव भारद्वाज, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा योगेंद्र राजपूत, स्कूल संस्थापक हाजी यूनिस सिद्दीकी एवं सर्वजीत सिंह सैनी अथिति के रूप में उपस्थित हुए। स्टूडेंट कैबिनेट में स्कूल हेड बॉय के रूप मे भविष्य सारन , स्कूल हेड गर्ल के रूप में आरुषि शर्मा ने शपथ ली।

कैबिनेट में डिसिप्लिन कैप्टेन की जिम्मेदारी रितिका चौरे, हेल्थ एंड हाइजिन कैप्टेन की जिम्मेदारी तनिष्क पटेल, सोशल कैप्टेन की जिम्मेदारी निखत खान, लैंग्वेज कैप्टेन की जिम्मेदारी हर्ष नितिन यादव और स्पोर्ट्स कैप्टेन की जिम्मेदारी प्रियांश रामकुचे को दी गई। इसके साथ चारों हाउस का गठन और उसके इंचार्ज टीचर को भी जिम्मेदारी दी। सिल्वर हाउस की हाउस इंचार्ज अभिषेक दयाल को बनाया गया, वही सिल्वर हाउस कैप्टेन प्रीती कुमारी बनी। गोल्डन हाउस इंचार्ज अर्चना मुरैया और हाउस कैप्टेन अर्पित गोइल बने। प्लेटिनम हाउस इंचार्ज लक्ष्मण सराठे और हाउस कैप्टन प्रभजोत सिंह सैनी को बनाया गया तथा डायमंड हाउस इंचार्ज मोनी साहू और हाउस कैप्टेन समरवीर सिंह को बनाया गया।

## खबर संक्षेप



### बायोमेट्रिक मशीन से होगी कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज

**हरदा।** नगर परिषद सिराली में अब कर्मचारियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक मशीन में दर्ज होने लगी है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिराली राहुल शर्मा ने बताया कि गुरुवार को नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त के जी तिवारी द्वारा समीक्षा बैठक में सभी कर्मचारियों को कार्यालय समय से आने के निर्देश दिए गए थे। इसी के पालन में नगर परिषद सिराली द्वारा शुक्रवार को ही कार्यालय में बायोमेट्रिक मशीन स्थापित की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिराली ने बताया कि सभी कर्मचारियो को यह भी कहा गया है कि वे कार्यालय में आने वाले नागरिकों से अच्छा व्यवहार करे। उन्होंने बताया कि नगर परिषद सिराली की अध्यक्ष अनिता कैलाश अग्रवाल द्वारा एटेडेंस व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए गए है। निकाय की इस व्यवस्था से नागरिकों को सुविधा का लाभ मिल सकेगा।

### कैम्पस ड्राइव 19 को रहटगांव में

**रहटगांव।** शासकीय आईटीआई में एक कम्पनी की कैम्पस ड्राइव 19 जुलाई को प्रातः 10 बजे से आयोजित होगी। प्राचार्य आईटीआई रहटगांव ने बताया कि इस केम्पस ड्राइव में मध्यप्रदेश के किसी भी शासकीय अथवा प्राइवेट आईटीआई से एक वर्षीय ट्रेड एवं दो वर्षीय ट्रेड से आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अथवा अंतिम वर्ष 24 में सम्मिलित प्रशिक्षणार्थी पुरूष व महिला आवेदक सम्मिलित हो सकते है। कैम्पस ड्राइव में सम्मिलित होने के लिये महिला आवेदक की आयु 18 से 25 वर्ष के मध्य, कद 4.8 फीट से अधिक होना आवश्यक है।

### उपायुक्त ने एकलव्य आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

**रहटगांव।** जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम संभाग के उपायुक्त, जे.पी. यादव ने गुरूवार को रहटगांव मे संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने प्राचार्य को निर्देश दिये कि 20 जुलाई तक पालक शिक्षक संघ समिति की बैठक आयोजित की जावे। जिससे पालकों को भी विद्यार्थियों के बारे में जानकारी देकर उन्हें भी अपने बच्चों पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया जा सके। उन्होने प्राचार्य से कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों एवं पालकों से सतत संपर्क में रहकर उन्हें मार्गदर्शन दें तथा प्रेरित कर भटकाव से बचाने का प्रयास करें। इस अवसर पर जिला संयोजक कविता आर्य, विद्यालय के प्राचार्य रामदीन चोलकर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने छात्राओं से कहा कि आप सौभाग्यशाली है कि इस विशिष्ट विद्यालय में रहकर भविष्य निर्माण का मौका मिला है। श्री यादव ने छात्राओं को कहा कि जो अवसर आपको मिला है, उसका लाभ उठाकर मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने भविष्य को उज्वल बनायें।

### डिप्टी जेलर से मारपीट, कैदी पर मामला दर्ज

**हरदा।** गुरुवार दोपहर को जिला जेल में बंद एक विचाराधीन कैदी ने डिप्टी जेलर के साथ मारपीट की। जिसको लेकर सिटी कोतवाली में कैदी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने एवं मारपीट करने को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। टीआई प्रह्लाद सिंह मर्सकोले ने बताया कि डिप्टी जेलर योगेश शर्मा ने बताया कि जेल में बंद विचाराधीन कैदी पर्व पिता उदय नागवंशी ने उन पर हमला कर दिया था। जिसको लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। बताया जा रहा है कि जेल में आपत्तिजनक सामान पहुंचाए जाने की सूचना के बाद डिप्टी जेलर योगेश शर्मा जेल की बैरकों की तलाशी लेने पहुंचे थे। इस दौरान बैरक नंबर 1 के कैदी पर्व नागवंशी ने तलाशी का विरोध करते हुए उन पर हमला कर दिया। इस दौरान झूमा-झटकी में डिप्टी जेलर शर्मा की वर्दी फट गई। वहीं उनके हाथ में चोट आई है।

## मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रदेश के बजट के बारे में दी जानकारी

# कांग्रेस में अपनी नीति-नेतृत्व और सनातन विरोधी मानसिकता के कारण मची हुई है भगदड़ : गौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रदेश की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा कि भाजपा विकास और विरासत के साथ है, जबकि कांग्रेस सनातन और राष्ट्र विरोधियों के साथ है। एक ओर जहां जनता के आशीर्वाद के साथ भारतीय जनता पार्टी सरकार लगातार पूरी पारदर्शिता, प्रमाणिकता और परिश्रम के साथ अपनी भूमिका का निर्वहन करती है, वहीं कांग्रेस विपक्ष के रूप में भी लोकतंत्र में मजाक का विषय बन गई है। उन्होंने कहा कि यह भी पहली बार होगा कि कांग्रेस में अपनी नीति-नेतृत्व और सनातन विरोधी मानसिकता के कारण भगदड़ मची हुई है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में अवैध कालोनियों को लेकर सरकार सख्त है। प्रदेश में अब कोई भी अवैध कॉलोनी नहीं बनेगी। और जो लोग अवैध कॉलोनी का निर्माण करेंगे उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अब तक अनेक कांग्रेसियों ने कांग्रेस छोड़ी है और भाजपा को अपनाया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष द्वारा महिलाओं के प्रति अभद्र और गैरकानूनी टिप्पणियां, कांग्रेस नेतृत्व का गैर जिम्मेदाराना व्यवहार राजनीतिक परिदृश्य को दूषित करता है। दोनों चुनावों में करारी हार के बाद भी आत्म अवलोकन की अपेक्षा हुड़दंग और अराजकता कांग्रेस की पहचान बन चुकी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश में किसी भी अवैध कालोनी को किसी भी कीमत पर वैध नही किया जाएगा। जो कालोनियां अवैध थी जो वैध हुई है उन्हें उनकी श्रेणी के अनुसार अधो संरचना के माध्यम से विकास किया जाएगा। अब कोई भी नई अवैध कॉलोनी को वैद्य नहीं किया जाएगा। बल्कि अवैध कॉलोनी बनाने वालों पर सरकार सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी।

शुक्रवार को सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में मीडिया प्रतिनिधियों को प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के बजट में स्वीकृत विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा नये बजट में हरदा जिले में कुल 5 सड़कें स्वीकृत की गई है, जिनकी लम्बाई लगभग 24 किलो मीटर है तथा इनकी लागत राशि 24.64 करोड़ रूपये है। इनमें हरदा विधानसभा क्षेत्र में 4 सड़कें स्वीकृत की गई है। इन स्वीकृत सड़कों में बारंगी-कमताड़ा-कमताड़ी रोलगांव मार्ग की लम्बाई 13.65 कि.मी. तथा लागत 15.20 करोड़ रूपये है। इसके अलावा सिराली-डगांवाशंकर-खामापड़वा मार्ग की लम्बाई 4.32 कि.मी. तथा लागत 3.46 करोड़ रूपये है। गांगला पलासनेर मार्ग की लम्बाई 2 कि.मी. तथा लागत 1.30 करोड़ रूपये है। अजनई से मढ़ीघाट मार्ग की लम्बाई 1 कि.मी. तथा लागत 1.60 करोड़ रूपये है। जबकि टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में एक सड़क सौताड़ा सिरकम्बा मार्ग स्वीकृत की गई है। इसकी लम्बाई 3.3 कि.मी. तथा लागत 3.08 करोड़ रूपये है।

## एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई

# दो आरोपियों से 2.75 किलोग्राम चरस और नकदी बरामद की



हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशानुसार, जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थों के व्यवसाय पर सख्त कार्यवाही करने के आदेश दिए गए थे। इसी के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खंडवा (शहर) महेंद्र तारणेकर एवं नगर पुलिस अधीक्षक अरविन्द सिंह तोमर के मार्गदर्शन में, थाना पदमनगर निरीक्षक अशोक चौहान एवं उनके स्टाफ ने शुक्रवार को 8, 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए 2 किलो 750 ग्राम चरस जप्त किया है।

थाना पदमनगर के उपनिरीक्षक वीरेंद्र अहिरवाल गुरुवार को देर रात मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि नए बस स्टैण्ड खंडवा में यात्री प्रतीक्षालय के पास दो व्यक्ति अवैध रूप से चरस बिक्री के लिए खड़े हैं। वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर, विधि अनुसार कार्यवाही हेतु दो गवाहों को तलब किया गया और पुलिस स्टाफ एवं स्वतंत्र साक्षियों के साथ यात्री प्रतीक्षालय पहुँचा गया। वहाँ दो संदिग्ध व्यक्ति मिले, जिन्होंने अपना नाम अताऊर रहमान एवं उपेन्द्र मुकियाबी बताया। आरोपी अताऊर रहमान के कब्जे से 950 ग्राम चरस एवं नगदी 3050 रुपये, जबकि उपेन्द्र मुकियाबी के कब्जे से 1 किलो 800 ग्राम चरस एवं नगदी 84500 रुपये बरामद किया गया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उक्त माल अब्दुल रउफ का है और उसी को देने जा रहे थे। आरोपियों को धारा 8, 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर मामला पंजीबद्ध किया गया है। दोनों आरोपियों को विशेष न्यायालय एनडीपीएस कोर्ट खंडवा में पेश कर पूछताछ हेतु पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है। थाना पदमनगर के थाना प्रभारी अशोक चौहान, वीरेंद्र अहिरवाल, अताउल्ला खान, रणवीर सिंह,नवल सिंह, दिपेन्द्र, रविंद, सुरेश परमार एवं रूपेश की सराहनीय भूमिका रही है।

# छात्राओं को निःशुल्क टीका लगाया स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के लगातार बढ़ रहे मामलों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिये निःशुल्क टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है।

इस अभियान के तहत शुक्रवार को हरदा के पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में निवासरत छात्राओं के लिये टीकाकरण कैम्प आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह, सिविल सर्जन डॉ. मनीष शर्मा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र परिहार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी महिला चिकित्सक द्वारा किया गया।

शिविर में सीएमएचओ डॉ. सिंह ने छात्राओं को इस टीकाकरण के महत्व के बारे में बताया। उन्होने छात्राओं को समझाया कि महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर ह्यूमन पेपीलोमा वायरस के संक्रमण के कारण होता है। यदि सही समय पर इस रोग का उपचार किया जाए तो इस रोग से प्रभावित मरीजों की जान बचाई जा सकती है। सर्वाइकल कैंसर की शुरूआती अवस्था में महिलाओं में कोई लक्षण नजर नही आते है। शुरूआती अवस्था में सर्वाइकल कैंसर का पता लगने पर इसका उपचार आसान रहता है।

## 'बच्चे नियमित रूप से दांत साफ नहीं करते हैं तो दांतों में दंत क्षय होने लगता है'

# दंत शक्ति अभियान के तहत शिक्षकों को किया प्रशिक्षित



**हरदा।** जिले के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत 5 से 10 वर्ष की आयु के बच्चों में दांत साफ करने के लिये टूथ ब्रशिंग की आदत डालने के उद्देश्य से दंत शक्ति अभियान प्रारम्भ किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत इस कार्यक्रम के लिये देश में सर्वप्रथम हरदा जिले का चयन किया गया है। अभियान के तहत शुक्रवार को ओरल हेल्थ प्रमोशन कार्यक्रम के तहत जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने जिले के अधिकारियों को विस्तार से समझाया। उन्होने बताया कि अभियान के तहत 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को मध्यान्ह भोजन से पहले हाथ धोने के साथ-साथ मध्यान्ह भोजन के बाद टूथ ब्रश नियमित रूप से करने के महत्व के बारे में बताकर नियमित रूप से टूथ ब्रश करने की आदत विकसित की जाएगी।

डॉ. सिंह ने इस अवसर पर कहा कि बच्चे नियमित रूप से दांत साफ नहीं करते है तो उनके दांतों में दंत क्षय होने लगता है। बचपन में ही दांतों में खराबी आने और दांतों में दर्द रहने के कारण बच्चा कई तरह की पौष्टिक खाद्य सामग्री नहीं खा पाता है। इससे बच्चे के पोषण स्तर पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। प्रशिक्षण में राज्य स्तर से आए प्रशिक्षक डॉ. सौम्या राठी, डॉ. धीरज धुपारे, डॉ. आयुषी गुप्ता, डॉ. पियूष दोगने ने टूथ ब्रश करने के सही तरीकों के बारे में बताया। इस दौरान शिक्षकों द्वारा टूथ ब्रशिंग का प्रदर्शन भी किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, ओरल हेल्थ कार्यक्रम भोपाल से आई अर्चना अवस्थी ने कार्यक्रम की आवश्यकता व उद्देश्य के बारे में बताया। इसके अलावा गुरूवार को खिरकिया और सिराली में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में प्राथमिक शाला शिक्षक और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित थे।

# शहर की सड़कों के फिर गढ्ढे भरने निकले कांग्रेस नेता



**बुरहानपुर।** शुक्रवार को बड़ी संख्या में इकबाल चौक, मंडी क्षेत्र में पहुंचे कांग्रेस नेताओं ने सड़कों के गढ्ढे भरे। दूसरे दिन भी हाथ में तगारी, फावड़ा लेकर पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर की खराब सड़कों को लेकर आक्रोश जताया। गुरुवार को भी कांग्रेस नेताओं ने शहर में अभियान चलाकर सिंधी बस्ती क्षेत्र में गढ्डे भरे थे। इस दौरान महापौर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेता अजय सिंह रघुवंशी ने कहा शहर में लोग गढ्ढों के कारण परेशान हैं। इस तरफ किसी का ध्यान नहीं है। पार्षद अजय उदासीन ने कहा- हर जगह गढ्ढे होने से पूरा शहर परेशान हो रहा है। कांग्रेस नेता अपने साथ तगारी, फावड़ा और ट्रॉली में मुरूम भरकर पहुंचे थे। मंडी क्षेत्र में मुरूम से भरी ट्रॉली लेकर घूमे। जगह जगह गड्ढे भरे। इस दौरान नगर निगम नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि अमर यादव, पार्षद हमीद डायमंड, उबैद शेख, मुशर्रफ खान, इस्माइल अंसारी, अजय उदासीन सहित अन्य कांग्रेस नेता कार्यकर्ता मौजूद थे। इसे लेकर नगर निगमायुक्त संदीप श्रीवास्तव ने कहा निगम ने भी शहर की खराब सड़कों की भराई शुरू करा दी है। फिलहाल बस स्टैंड क्षेत्र में गढ्ढे भरवाए गए।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान

# पानखेड़ा में कलेक्टर, एसपी प्रभारी डीएफओ ने पौधे रोपे



**बुरहानपुर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शुक्रवार को नावरा रेंज के तहत आने वाले ग्राम पानखेड़ा में कलेक्टर, एसपी, प्रभारी डीएफओ ने पौधारोपण किया। यह क्षेत्र किसी समय अतिक्रमणकारियों से घिरा हुआ जिसमें अब हरियाली के लिए पौधे लगाए गए। कलेक्टर भव्या मित्तल, एसपी देवेन्द्र पाटीदार, वनमण्डाधिकारी राकेश डामोर ने संयुक्त रूप आमए नीम, करंज, आंवला सहित अन्य प्रजातियों के 500 पौधे रोपित किए। जिले में पर्यावरण संरक्षण के लिए बडे स्तर पर अभियान चला रह है। एसडीओ वन विभाग बुरहानपुर अजय सागर ने बताया पिछले साल जहां अतिक्रमणकारियों ने नावरा रेंज के तहत पेड़, पौधों को नुकसान पहुंचाया था वहीं इन जंगलों को दोबारा जीवित करने के लिए वन विभाग द्वारा प्रयास किए गए हैं जिससे जंगल फिर से हरा भरा हो रहा है।

# कृषि विभाग के दल ने कीट नियंत्रण के बारे में जानकारी दी, निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

जिले में सोयाबीन, मक्का एवं कपास फसल पर कहीं-कहीं कीटों का प्रकोप देखने को मिल रहा है। उप संचालक कृषि के.सी. वास्केल ने बताया कि जिला स्तरीय दल द्वारा गुरूवार को ग्राम टिठिया जोशी, जसवाड़ी, सिंगोट, गांधवा, इटवामाल, बडगांव पिपलोद आदि ग्रामों के खेतों की फसलों का निरीक्षण किया गया।

साथ ही खेत में उपस्थित किसानों से चर्चा कर फसलों पर लगने वाले कीटों की जानकारी ली एवं किसानों को कीट नियंत्रण हेतु सलाह दी। भ्रमण के दौरान दल ने पाया कि सोयाबीन फसल में सेमीलुपर एवं मक्का फसल में फॉलआर्मी वर्म, कपास फसल में रस चुसक कीट (जेसीड, एफिड व्हीईट फ्लाई) कीट का प्रकोप आर्थिक क्षति स्तर से कम पाया गया। उप संचालक कृषि वास्केल ने बताया कि कीट का प्रकोप फसल पर दिखाई देने पर कीट नियंत्रण हेतु वैज्ञानिकों के द्वारा अनुशंसा की जाती है। उन्होंने किसान भाईयों की सलाह दी है कि फसलों पर सेमीलुपर और अन्य इल्लियों के लिए प्रति हेक्टेयर 20 टी आकार की खूंटिया लगावें। प्रारंभिक अवस्था में नुकसान के लक्षण दिखने पर नीम तेल 1500 पी.पी.एम, 5 मिली या 10 हजार पी.पी.एम 2-3 मिली प्रति ली. पानी में मिलाकर 15 दिन के अंतराल पर छिड़काव करना चाहिए। ग्रामीण स्तर पर खेत में प्रकाश प्रपंच 160 वॉट का बल्ब का उपयोग करते हुए तैयार करे एवं शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक लगाया जा सकता है। इससे वयस्क तितलियों को पकड़कर नियंत्रण किया जा सकें। वयस्क तितलियों को पकड़ने के लिये फेरोमेन ट्रेप 15-20 प्रति हेक्टर लगाना चाहिए। इसके अलावा अधिक प्रकोप होने पर सम्पर्क कीटनाशकों जैसे प्रोफेनोफास और सायपर मैथिन 30 मि.ली. प्रति पंप (सोयाबीन फसल) या क्लोरपारीफास, क्यूनालफास या लेम्डासायहेलोथ्रिन का डेढ़ मिली लीटर प्रति लीटर की दर से छिड़काव करें।

## कार्यक्रम में सरपंच, वन समितियों के अध्यक्ष, वन स्टाफ ने भागीदारी की

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वनपरिक्षेत्र सरमेश्वर में 2500 पौधों का किया गया रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा



पानी की कमी और बढ़ती गर्मी के चलते जंगलों में पेड़-पौधों की कमी एक गंभीर समस्या बन चुकी है। इस समस्या के समाधान के लिए प्रदेश भर में प्रशासन द्वारा एक पेड़ मां के नाम मिशन चलाया जा रहा है। इस मिशन का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को संरक्षित करना है, बल्कि लोगों में पेड़-पौधों के प्रति जागरूकता भी बढ़ाना है। प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार, शुक्रवार को खंडवा जिले के वनपरिक्षेत्र सरमेश्वर (खालवा) में इस मिशन के तहत वृक्षारोपण अभियान चलाया गया।

खंडवा डीएफओ राकेश डामोर के निर्देशन में इस अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें वनपरिक्षेत्र अधिकारी मनीष पांडे द्वारा मिशन लाइफः एक पेड़ मां के नाम थीम पर 2500 पौधों का ग्राम गड़रिया में रोपण किया गया। इस कार्यक्रम में गांव के सरपंच, वन समितियों के अध्यक्ष, वन स्टाफ और सुरक्षा श्रमिकों ने सक्रिय भागीदारी की। इस वृक्षारोपण अभियान में सभी वर्गों ने मिलकर काम किया। गांव के सरपंच ने गांववासियों को इस अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और वन समितियों के अध्यक्षों ने अपने सदस्यों के साथ मिलकर पौधों के रोपण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वन स्टाफ और सुरक्षा श्रमिकों ने भी इस अभियान में पूरी तत्परता से भाग लिया, जिससे यह वृक्षारोपण अभियान सफल हो सका। एक पौधा मां के नाम मिशन का उद्देश्य न केवल पेड़-पौधों की संख्या बढ़ाना है, बल्कि समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी फैलाना है। पेड़-पौधों के रोपण से न केवल पर्यावरण को लाभ होता है, बल्कि इससे मिट्टी की गुणवत्ता भी बेहतर होती है और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने में मदद मिलती है।

रेंजर मनीष पांडे द्वारा वृक्षारोपण के उपरांत सभी श्रमिकों के लिए दोपहर के आराम, पानी और भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। इस प्रकार की सुविधाएं प्रदान करने से उनके उत्साह में भी वृद्धि होती हैं। इस वृक्षारोपण अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना था। पेड़-पौधों का महत्व समझाने और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए इस प्रकार के अभियानों की चलाया जा रहा है। एक पेड़ मां के नाम मिशन के तहत लोगों को यह संदेश दिया गया कि वे अपने जीवन में कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं और उसकी देखभाल करें।

## राजघाट पर टीम ने मॉकड्रिल की

# बाढ़ में फंसे और पानी में डूबे लोगों का रेस्क्यू किया गया



**बुरहानपुर।** जिले में बाढ़, भूकंप, आगजनी की घटनाओं में लोगों को कैसे बचाया जा सकता है इसकी समय समय पर प्रेक्टिस की जाती है। शुक्रवार सुबह 10 बजे से ताप्ती नदी के राजघाट पर होमगार्ड, एसडीईआरएफ के जवानों की टीम ने मॉकड्रिल की। इस दौरान बाढ़ में फंसे और पानी में डूबे लोगों का रेस्क्यू किया गया। करीब 1 घंटे तक मॉकड्रिल हुई। इस दौरान अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान, एएसपी अंतरसिंह कनेश, होमगार्ड कमांडेंट मिनाक्षी चौहान, बुरहानपुर एसडीएम पल्लवी पुराणिक, तहसीलदार रामलाल पगारे, एसडीईआरएफ के 16 प्रशिक्षित जवान और होमगार्ड मौजूद थे। एएसपी ने होमगार्ड के उपकरणों को परखा। जवानों से जानकारी ली। अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान ने बताया डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट की मौजूदगी में मॉकड्रिल की गई। कभी भी कोई घटना, बाढ़, आगजनी हो तो लोगों की कैसे मदद की जा सकती है यह अभ्यास किया गया। जो भी कमियां पाई गई है उसे दुरूस्त करने के लिए कहा गया है। संसाधन भी बढ़ाए जाएंगे। एएसपी एएस कनेश ने कहा- जिला होमगार्ड बल ट्रेंड है। 16 एसडीईआरएफ के जवान हैं जो पूरी तरह प्रशिक्षित हैं। आज मॉकड्रिल की गई। दो लोग फंसे थे उन्हें निकाला गया। दो लोगों को डूबने से बचाया। इससे जवानों की भी प्रेक्टिस हो जाती है।